# NORTHLANDS PRIMARY SCHOOL

## HINDI –GRADE 6

## (MS DEEPIKA AND MS POOJA)

## THEORY WORK – 15

## DATE : Wednesday 19 May 2021



## हिन्दी बुधवार १९ मई २०२१

### पाठ ५ - हमारा पर्यावरण ( pg 56 )

### PART 3

सिया : गुरूजी , क्या ज़ोर - ज़ोर से बातें करने पर ध्वनि - प्रदूषण होता है ?

( सब बच्चे हँसने लगे |)

अध्यापक : नहीं सिया , कारखानों के यन्त्रों तथा यातायात के शोर और ध्वनिवर्धक यंत्रों को ज़ोर से चलाने पर कानों को कष्ट पहुँचता है |इसे हम ध्वनि - प्रदूषण कहते हैं |

ऋचा : गुरूजी क्या चारों ओर कूड़ाकरकट फेंकना भी पर्यावरण - प्रदूषण कहलाता है ?

**अध्यापक : अवश्य बच्चों , धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है |**

**बर्फ का पहाड़ पिघलता जा रहा है जिससे समुद्र का जल - स्तर दिनोंदिन बढ़ रहा है | इसका कारण भी पर्यावरण - प्रदूषण ही है |**

**प्रिया : प्रदूषण रोकने के लिए हम क्या कर सकते हैं , गुरूजी ?**

**अध्यापक : पर्यावरण की रक्षा के लिए सबसे पहले हमें कूड़ा इधर - उधर नहीं फेंकना चाहिए | बरसात का पानी छत पर तथा आँगन में जमा नहीं होने देना चाहिए | इससे बीमारियाँ फैलने का खतरा भी बढ़ता है |**

## शब्दभंडार - Vocabulary Words

| शब्द (Word ) | समानार्थक | अर्थ |
|---|---|---|
| यातायात | ................ | Transportation |
| शोर | आवाज़ | Noise |
| ध्वनिवर्धक यंत्रों | ................ | Sound amplifier |
| कष्ट | ............... | Hurts / pain |
| तापमान | ................. | Temperature |
| जल - स्तर | ............... | Water – level |
| बरसात | बारिश | Rain |
| खतरा | संकट | Risk |

## PRACTICAL WORK 15 - HINDI MIE BOOK

**Pg 58 ex १ (आ )**

**इन प्रश्नों के उत्तर पुरे संक्षेप में लिखिए :**

**(ख) ध्वनि - प्रदूषण से शरीर के किस अंग को कष्ट पहुँचता है ?**

**Pg 58 ex १ ( इ )**

**इन प्रश्नों के उत्तर पुरे वाक्यों में लिखिए :**

**(ग) समुद्र के बढ़ते जल - स्तर का क्या कारण है ?**